राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–97/2024

राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ बैठक की

पटना, 06 मई, 2024 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ आयोजित बैठक में निदेश दिया कि विद्यार्थियों से राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाय। उन्होंने सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन के बिना किसी नए कोर्स की पढ़ाई शुरू नहीं करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी प्रवेश लेने के पूर्व स्वंय भी इसकी पड़ताल कर लें। राज्यपाल ने कहा कि सभी कुलपति इन्हें सुनिश्चित करेंगे। बैठक में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में नामांकन तथा लंबित परीक्षाओं की स्थिति की विश्वविद्यालयवार समीक्षा की गई तथा राज्यपाल ने महत्वपूर्ण निदेश दिये।

राज्यपाल की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....